nt>

Title: Removal of 362 permanent employees of Hindustan Times of K.K. Birla Group.

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान टाइम्स समूह भारत का सबसे महत्वपूर्ण एवम् प्रतिठित समाचार प्रकाशन समूह है। यह एक विश्वसनीय समूह है। इसकी विश्वसीनयता पर किसी को कोई संदेह नहीं है। विगत दिनों इस समूह द्वारा अपने 362 नियमित और स्थाई कर्मचारियों को सेवा से निकाल दिया गया है। जिसकी वजह से इन कर्मचारियों के परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ ऐसे भी कर्मचारी हैं जो बेरोजगारी और बदहाली की वजह से आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं। उनके बच्चों को स्कूल से निकाल दिया गया है और वे लोग सड़क पर आ गए हैं। यह उन नियमित और स्थाई कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करे और जो 362 कर्मचारी हिन्दुस्तान टाइम्स समूह द्वारा निकाले गए हैं, उनको पुनः नौकरी पर लेने हेतु कदम उठाए।